संपादकीय

राहुल गांधी का मरहम

राहुल गांधी के प्रति मणिपुर के लोगों की जो भावना छलकी, वह संकेत है कि विभाजनकारी राजनीति के तमाम विध्वंस के बावजूद राष्ट्रीय मुख्यधारा से उनका गहरा लगाव बना हुआ है। राहुल गांधी ने उनकी आहत भावनाओं पर मरहम लगा कर इस लगाव को मजबूत बनाया है।

राहुल गांधी के मणिपुर दौरे से यह बात जाहिर हुई कि लगभग दो महीनों से हिंसा ग्रस्त इस राज्य के लोग किस हताशा और बेचैनी में हैं। उनकी पीड़ा कोई सुने और उनके दर्द को समझे, इसके लिए उनकी बढ़ती व्यग्रता के बीच किसी राष्ट्रीय नेता वहां पहुंचना एक बेहद प्रभावशाली घटना बन गई। राहुल गांधी के प्रति उनकी जो भावना छलकी, वह इस बात का संकेत है कि विभाजनकारी राजनीति के तमाम विध्वंस के बावजूद भारत की राष्ट्रीय मुख्यधारा से उनका गहरा लगाव बना हुआ है। राहुल गांधी ने उनकी आहत भावनाओं पर मरहम लगा कर इस लगाव को मजबूत बनाया है। यह कहा जा सकता है कि राहुल गांधी 'मोहब्बत की दुकान' जितनी प्रासंगिक मणिपुर में दिखी, उतना प्रभावशाली वह पहले कहीं नहीं दिखी थी। राजनीति में मुद्दे और विचार महत्त्वपूर्ण होते हैं। लेकिन उसमें भावनाओं की भी अहमियत होती है। राजनेताओं से यह अपेक्षित होता है कि लोगों की भावनाओं से ना जुड़े रहें, बल्कि जब लोग भावनात्मक अशांति से गुजर रहे हों, तो उनसे अपने लगाव का इजहार कर उनके जख्म पर मरहम भी लगाएं।

गुजरे दशकों में भारत में ऐसी राजनीति दुर्लभ होती गई है। बल्कि हाल में तो राजनीति का मतलब विभिन्न सांप्रदायिक और जातीय समुदायों की भावनाओं को भडक़ा कर लाभ उठाना बन गया है। इसके दुष्परिणाम अब खुलकर सामने आने लगे हैं। ऐसी सियासत का नतीजा यह हुआ है कि भारतीय समाज सांप्रदायिक/जातीय भावनाओं के उबाल की ज्वालामुखी पर पहुंचता जा रहा है। इसके बीच राहुल गांधी ने 'मोहब्बत की दुकान' का जो प्रयोग शुरू किया है, वह लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच रहा है। यह आलोचना अपनी जगह सही हो सकती है कि राहुल गांधी आर्थिक नीतियों या राजनीतिक रणनीति के मोर्चे पर कोई कारगर विकल्प अब तक पेश नहीं कर पाए हैं। इसके बावजूद यह जरूर कहा जा सकता है कि राजनीति को चुनावी जोड़तोड़ के दायरे में सीमित मानने के चलन को तोड़ने की एक शुरुआत उन्होंने जरूर की है। मणिपुर में उन्होंने इस बात की एक झलक दिखाई। ऐसी व्यापक राजनीति आज की बड़ी जरूरत है, इसे उन्होंने दिखाया है।

ग्लोबल मार्केट से सुस्त संकेत, एशियाई बाजारों में मिला-जुला कारोबार

नई दिल्ली। ग्लोबल मार्केट से आज सुस्त संकेत मिल रहे हैं। पिछले कारोबारी सत्र में वॉल स्ट्रीट मामूली बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहा, जबकि आज यूएस फ्यूचर्स फ्लैट स्तर पर कारोबार कर रहा है। आज इंडिपेंडेंस डे के मौके पर अमेरिकी बाजार बंद रहेंगे। यूरोपीय बाजार में पिछले सत्र में दबाव की स्थिति बनी रही, जिसकी वजह से यहां के तीनों सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। एशियाई बाजारों में आज मिला-जुला कारोबार होता नजर आ रहा है।

पिछले कारोबारी सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार पर लगातार दबाव बना रहा। इसके बावजूद तीनों सूचकांक मामूली बढ़त के साथ बंद होने में सफल रहे। डाओ जोंस 0.03 प्रतिशत की मजबूती के साथ 34,418.47 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह एसएंडपी 500 इंडेक्स ने 0.12 प्रतिशत की बढ़त के साथ 4,455.59 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा नैस्डेक 0.21 प्रतिशत चढ़ कर 13,816.77 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

यूरोपीय बाजार में भी पिछले कारोबारी सत्र के दौरान लगातार दबाव बना रहा, जिसकी वजह से यहां के तीनो सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए। एफटीएसई इंडेक्स 0.06 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 7,527.26 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.18 प्रतिशत की गिरावट के साथ 7,386.70 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। इसके अलावा डीएएक्स इंडेक्स 0.42 प्रतिशत टूट कर 16,081.04 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

एशियाई बाजारों में आज मिलाजुला कारोबार होता नजर आ रहा है। जीआईएफटी निफ्टी 0.17 प्रतिशत की बढ़त के साथ 19,472 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह हैंग सेंग इंडेक्स 106.13 अंक यानी 0.55 प्रतिशत की उछाल के साथ 19,412.72 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ है। ताइवान वेटेड इंडेक्स भी अभी तक के कारोबार में 0.30 प्रतिशत की मजबूती के साथ 17,135.05 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। इसके अलावा शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 0.07 प्रतिशत की तेजी के साथ 3,246.13 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

दूसरी और निक्केई इंडेक्स 361.04 अंक यानी 1.08 प्रतिशत की कमजोरी के साथ 33,392.29 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह स्ट्रेट्स टाइम्स इंडेक्स 0.18 प्रतिशत फिसल कर 3,201.36 अंक तक गिर गया है। इसके अलावा कोस्पी इंडेक्स 0.23 प्रतिशत की गिरावट के साथ 2,596.48 अंक के स्तर पर, सेट कंपोजिट इंडेक्स 0.01 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 1,506.68 अंक के स्तर पर और जकार्ता कंपोजिट इंडेक्स 0.09 प्रतिशत टूट कर 6,690.60 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहे हैं।

ट्वीटडेक का नया वर्जन लॉन्च, वेरिफाइड अकाउंट यूजर्स को मिलेगी सुविधा

नईदिल्ली। ट्विटर ने ट्वीटडेक (ट्वीटडेक) का नया वर्जन लॉन्च कर दिया है। लेकिन इसका इस्तेमाल सिर्फ वैरिफाइड अकाउंट होल्डर्स ही कर पाएंगे। नया बदलाव ठीक 30 दिन बाद लागू होगा। हालांकि, ट्विटर के इस ऐलान से पहले ही कई ट्वीटडेक यूजर्स को इसे यूज करने में दिक्कत का सामना कर पड़ रहा था।

खासकर नोटिफिकेशन के मामले में यूजर्स ने दिक्कत की शिकायत की थी। कई लोगों ने शिकायत की है कि उनके ट्वीटडेक में ट्विटर हैंडल्स के कॉलम लोड नहीं हो रहे हैं।

ट्वीटडेक सोशल मीडिया डैशबोर्ड एप्लीकेशन है जहां पर ट्विटर अकाउंट को मैनेज किया जाता है। खास तौर पर इस प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर, मीडिया कंपनी और सोशल मीडिया मैनेजर्स की ओर से किया जाता है।

इसमें यूजर्स को एक ही स्क्रीन पर कई अकाउंट की ओर से किए गए ट्वीट दिखाई देते हैं। वहीं मल्टीपल अकाउंट हैंडल करने वालों को भी इससे मदद मिलती है।

ट्विटर ने बताया कि ट्वीटडेक के नए वर्जन में सभी सेव्ड सर्च, लिस्ट्स और कॉलम्स पहले की तरह ही मौजूद रहेंगे।

कंपनी ने बताया कि ट्वीटडेक में कुछ नए फीचर्स भी दिए गए हैं। इनमें स्पेसेज, वीडियो डॉकिंग, ट्विटर पोल्स और नए फीचर्स शामिल हैं। फिलहाल ट्वीटडेक में टीम फंक्शन मुहैया नहीं कराया गया है।

इसे आने वाले हफ्तों में फिर शुरू किया जाएगा। अगले 30 दिनों में ट्वीटडेक इस्तेमाल करने के लिए यूजर्स का वेरिफाइड होना जरूरी है।

सात रुपए महंगा हुआ कमर्शियल गैस सिलेंडर

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनियों ने कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में सात रुपये का इजाफा किया है। हालांकि, घरेलू रसोई गैस की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। नई दरें मंगलवार से लागू हो गई हैं।

इंडियन ऑयल के वेबसाइट के मुताबिक 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर की दिल्ली में कीमत 1,773 रुपये से बढक़र 1,780 रुपये प्रति सिलेंडर हो गई। कोलकाता में कमर्शियल गैस सिलेंडर का दाम 1882.50 रुपये हो गया। यह पहले 1875.50 रुपये था। मुंबई में इसकी कीमत 1732 रुपये और चेन्नई में 1944 रुपये प्रति सिलेंडर हो गई है।

उल्लेखनीय है कि कंपनियों ने जून में कमर्शियल एलपीजी गैस सिलेंडर की कीमत में जून में 83 रुपये और मई में 172 रुपये की कटौती की थी।

ऑल टाइम हाई लेवल का नया रिकॉर्ड सेट करने के बाद लुढ़का शेयर बाजार

❑ सेंसेक्स और निफ्टी ने लगातार चौथे दिन बनाया ऑल टाइम हाई का रिकॉर्ड

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार ने मंगलवार को एक बार फिर रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचकर कारोबार की शुरुआत की। सेंसेक्स पहली बार 65,500 अंक के स्तर पर और निफ्टी भी पहली बार 19,400 अंक के ऊपर खुला। इन दोनों सूचकांकों ने कुछ ही देर में तेजी दिखाते हुए ऑल टाइम हाई लेवल का नया रिकॉर्ड सेट कर दिया, लेकिन इसके बाद मुनाफावसूली शुरू हो जाने की वजह से दोनों सूचकांकों में गिरावट का रुख बन गया। पहले घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.06 प्रतिशत की तेजी के साथ और निफ्टी 0.001 प्रतिशत की कमजोरी के साथ कारोबार करते नजर आये।

शुरुआती 1 घंटे के कारोबार के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, हीरो मोटोकॉर्प, अडाणी पोर्ट्स और टाइटन कंपनी के शेयर 7.19 प्रतिशत से लेकर 1.1 5 प्रतिशत तक की तेजी के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर, आयशर मोटर्स, भारती एयरटेल, रिलायंस इंडस्ट्रीज, ओएनजीसी और डिवीज लेबोरेट्रीज के शेयर 4.29 प्रतिशत से लेकर 0.83 प्रतिशत तक की कमजोरी के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 1,958 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही है। इनमें से 888 शेयर मुनाफा कमाकर हरे निशान में कारोबार कर रहे हैं, जबकि 1,070 शेयर नुकसान उठाकर लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 15 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर, 15 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 22 शेयर हरे निशान में और 28 शेयर लाल निशान में कारोबार करते दिख रहे थे।

बीएसई का सेंसेक्स आज एक बार फिर ऑल टाइम हाई का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 298.80 अंक की बढ़त के साथ 65,503.85 अंक के स्तर पर खुला। शुरुआती कारोबार में खरीदारी के सपोर्ट से कुछ ही देर में ये सूचकांक अभी तक के सर्वोच्च स्तर 65,586.60 अंक तक पहुंच गया, लेकिन इसके बाद मुनाफावसूली के चक्कर में चौतरफा बिकवाली शुरू होने जाने की वजह से सेंसेक्स में लगातार गिरावट आती चली गई।

पीकेएल-10 के लिए अदाणी गुजरात जायंट्स ने पूरा किया न्यू यंग प्लेयर्स का ट्रायल

अहमदाबाद। अदाणी स्पोर्ट्सलाइन के स्वामित्व वाली गुजरात जायंट्स टीम ने प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के बहुप्रतीक्षित 10वें सीजन से पहले न्यू यंग प्लेयर्स (एनवाईपी) का सिलेक्शन करने के लिए ट्रायल्स पूरा कर लिया है।

गुजरात जायंट्स की स्थापना 2017 में हुई थी, जिसने चेन्नई, नई दिल्ली और अहमदाबाद में एनवाईपी ट्रायल्स आयोजित किए हैं। तीनों शहरों में 250 से अधिक युवा कबड्डी खिलाड़ियों ने ट्रायल में भाग लिया। ट्रायल का अंतिम राउंड अहमदाबाद की ओएनजीसी कॉलोनी में आयोजित हुआ।

ट्रायल के माध्यम से शॉर्टलिस्ट किये गए खिलाड़ियों के नामों की घोषणा जल्द ही की जाएगी। इसके बाद फ्रेंचाइजी सीजन के करीब आने पर अपनी पसंदीदा टीम को अंतिम रूप देगी। ट्रायल प्रोग्राम के सफल आयोजन के बाद गुजरात जायंट्स इसमें से चार श्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन करके आगामी सीजन के लिए टीम में शामिल करेगा। पिछले साल जायंट्स टीम के सबसे सफल सदस्यों में से एक रेडर परतीक दहिया थे। परतीक ने काफी तेजी से स्कोर बनाए थे। मुख्य कोच राम मेहर सिंह को ट्रायल्स के माध्यम से परतीक जैसी प्रतिभाओं के सामने आने की उम्मीद है।

कोच राम मेहर सिंह ने कहा, हमने अगले सीजन से पहले अपना एनवाईपी ट्रायल पूरा कर लिया है और कुछ बहुत प्रतिभाशाली खिलाड़ी हैं, जिन्होंने अपनी छाप छोड़ी है। हम अपनी टीम में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चाहते हैं और उसी के अनुसार उनका चयन करेंगे। यह प्रक्रिया अभी खत्म नहीं हुई है और हम जल्द ही अपनी पसंद को अंतिम रूप देंगे और नामों की घोषणा करेंगे। यकीन मानिए, हमारे लिए फैसला आसान नहीं होगा और मैं इस बात से खुश हूं। अदाणी स्पोर्ट्सलाइन मैनेजमेंट और टीम ने हमें सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों को चुनने के लिए खुली छूट दी है और हमें उम्मीद है कि सीजन के लिए हमारे लिए चीजें दुरुस्त हो जाएंगी।

बांग्लादेश दौरे के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम की घोषणा

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने बांग्लादेश दौरे के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी है। नौ जुलाई से मीरपुर में शुरू होने वाले बांग्लादेश दौरे पर भारतीय टीम तीन एकदिवसीय मैच और तीन टी20 मैचों की सीरीज खेलेगी। सभी मैच मीरपुर के शेर-ए-बांग्ला नेशनल क्रिकेट स्टेडियम (एसबीएनसीएस) में खेले जाएंगे।

बांग्लादेश दौरे के लिए चयनीत 18 सदस्यीय भारतीय महिला क्रिकेट टीम में दाएं हाथ की तेज गेंदबाज रेणुका सिंह और विकेटकीपर ऋचा घोष को जगह नहीं मिला है। भारतीय टीम हरमनप्रीत कौर के नेतृत्व में मुकाबला करेगी, जबकि स्मृति मंधाना उपकप्तान हैं। वहीं रेणुका सिंह और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष को टीम में शामिल नहीं किए जाने को लेकर सेलेक्टर्स की ओर से कोई बयान नहीं आया है।

बांग्लादेश दौरे के लिए चयनीत टीम इस प्रकार है-

एकदिवसीय टीम: हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), दीप्ति शर्मा, शैफाली वर्मा, जेमिमा, यास्तिका (विकेटकीपर), हरलीन, देविका वैद्य, उमा छेत्री (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, प्रिया पुनिया, पूजा वस्त्राकर, मेघना सिंह, अंजलि सरवानी, मोनिका पटेल, राशि कनौजिया, अनुषा बारेड्डी, स्नेह राणा।

टी20 टीम: हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), दीप्ति शर्मा, शैफाली वर्मा, जेमिमा, यास्तिका (विकेटकीपर), हरलीन, देविका वैद्य, उमा छेत्री (विकेटकीपर), अमनजोत कौर, एस मेघना, पूजा वस्त्राकर, मेघना सिंह, अंजलि सरवानी, मोनिका पटेल, राशि कनौजिया, अनुषा बारेरेड्डी, मिन्नू मणि।

आज का राशिफल

मेष : आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आर्थिक दृष्टिकोण से आज का दिन पिछले कुछ दिनों से बेहतर रहेगा। रुके हुए कार्य पूर्ण होने से भी धन लाभ होगा। सामाजिक गतिविधियों में पूरा समय ना दे पाने से लोगों से किसी से नाराजगी हो सकती है।

वृष : आज का दिन मिश्रित फल देगा पूर्वार्ध में सेहत थोड़ी नरम रह सकती है जिसके कारण आलस्य भी रहेगा। काम बेमन से करने पड़ेंगे व्यवहार में भी रुखापन रहने से संबंधो में खटास रहेगी।

मिथुन : आज भी दिन का अधिकांश समय शांति से व्यतीत होगा। थोड़ी आर्थिक परेशानियाँ रह सकती है परंतु मानसिक रूप से दृढ़ रहेंगे। जिस भी कार्य को करने की ठानेंगे उसे हानि-लाभ की परवाह किये बिना पूर्ण करके छोड़ेंगे।

कर्क : आज दिन के आरम्भ में बनते कार्यों में रुकावट आने से अधिक भाग-दौड़ करनी पड़ेगी। मध्यान तक थोड़े बहुत कार्य सफल होने से धन की आमद होगी परन्तु खर्च भी अधिक रहने से बचत नहीं कर पाएंगे।

सिंह : आज के दिन आप व्यापारिक गतिविधियों की व्यस्तता के चलते परिवार के लिए ज्यादा समय नहीं निकाल पाएंगे। वाणी एवं व्यवहार के बल पर कार्यों में थोड़े परिश्रम से अधिक सफलता मिल सकेगी। मनोबल भी आज बढ़ा हुआ रहेगा।

कन्या : आज आप अधिक लापरवाह रहने के कारण हानि उठा सकते है। प्रात: काल से ही यात्रा पर्यटन की योजना बनेगी परन्तु इसमें व्यवधान भी आएंगे। कार्य क्षेत्र पर अल्प लाभ से संतोष करना पड़ेगा।

तुला : व्यवसाय के क्षेत्र में किये जा रहे प्रयास आज फलीभूत होने से आर्थिक समस्याओं का समाधान होगा। बेरोजगार व्यक्तियों को भी रोजगार मिलने की सम्भावना अधिक है। आपसे वाद-विवाद में कोई नहीं जीत पायेगा।

वृश्चिक : आज का दिन आपको सुख शांति प्रदान करेगा। कुछ दिनों से चल रही मानसिक खींच तान कम होने से राहत अनुभव होगी। कार्य क्षेत्र पर केवल धन लाभ पाने के उद्देश्य से कार्य ना करे व्यवहार में कुशलता एवं मिठास रखने से अप्राप्त लक्ष्मी भी प्राप्त कर सकते है।

धनु : आज के दिन आप कार्य क्षेत्र से कुछ समय निकालकर मित्र परिवार के साथ मनोरंजन में व्यतीत करेंगे परन्तु आज गलत फहमियों से दूर रहना अति आवश्यक है व्यर्थ के टकराव होने की संभावना है।

मकर : आज के दिन आप भावनाओ में बहकर अनुचित कदम उठा सकते है। लोगो के बहकावे में ना आये अन्यथा मान हानि कोर्ट-कचहरी की नौबत आ सकती है। प्रेम प्रसंगों से आज दूरी बनाना ही बेहतर रहेगा।

कुंभ : आज का दिन मिला-जुला रहेगा। सेहत लगभग सामान्य रहेगी। आज किसी अनुबंध के आगे रुकने से धन लाभ की कामना अधूरी रहेगी। परिवार के लिए आप महत्त्वपूर्ण रहेंगे। व्यर्थ की यात्रा हो सकती है।

मीन : आज के दिन ग्रह स्थिति में थोड़ा बदलाव आने से आपको घरेलु मामलो में सफलता मिलेगी। परन्तु आज कार्य क्षेत्र पर अन्य व्यक्ति आपकी कमजोरी का फायदा उठा सकता है। आज किसी के आगे समर्पण कर सकते है इसका फल शुभ ही रहेगा।

शाहिद कपूर नहीं लेंगे राउडी राठौर 2 में अक्षय कुमार की जगह

शाहिद कपूर अपनी फिल्म ब्लडी डैडी को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं, जिसने 9 जून को जियो सिनेमा पर दस्तक दे दी है। अली अब्बास जफर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में शाहिद के अभिनय की भी तारीफ हो रही है। इस सबके बीच शाहिद ने राउडी राठौर के सीच्ल में अक्षय कुमार की जगह लेने की खबरों का खंडन किया है। पिछले काफी समय से सीच्ल में शाहिद का हिस्सा होने की बात कही जा रही थी।

साल 2012 में आई राउडी राठौर के सीच्ल की खबरें काफी समय से आ रही थीं और दर्शक भी यह जानने के लिए उत्सुक थे कि फिल्म का हिस्सा कौन होगा।

शाहिद ने राउठी राठौर 2 में अक्षय की जगह लेने की खबरों पर बात की और साफ कर दिया कि वह इसका हिस्सा नहीं हैं। उन्होंने कहा, इन बातों में सच्चाई नहीं है। मैं राउडी राठौर 2 नहीं कर रहा हूं।

कुछ रिपोर्ट्स में कहा जा रहा था कि अक्षय और सोनाक्षी सिन्हा अभिनीत राउडी राठौर की शूटिंग इस साल मई में शुरू होगी और शाहिद के साथ रश्मिका मंदाना इसका हिस्सा होंगी। साथ ही प्रभु देवा की जगह अनीस बज्मी फिल्म का निर्देशन करेंगे और संजय लीली भंसाली निर्माता होंगे।

इसी सिलसिले में बज्मी ने कहा था, अभी सितारों और फिल्म को लेकर बातचीत चल रही है। जब सही समय होगा, हम घोषणा करेंगे।

अक्षय कुमार की ओह माय गॉड 2 का नया पोस्टर जारी, 11 अगस्त को रिलीज होगी फिल्म

अक्षय कुमार की ओह माय गॉड 2 2023 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में शुमार है। यह फिल्म ओह माय गॉड का सीक्वल है। अब अक्षय ने ओह माय गॉड 2 का नया पोस्टर जारी किया है, जिसमें वो भगवान शिव के अवतार में नजर आ रहे हैं। इसके साथ अक्षय ने खुलासा किया कि ओह माय गॉड 2 का टीजर जल्द रिलीज होगा। उन्होंने कैप्शन में लिखा, बस कुछ दिनों में। 11 अगस्त को सिनेमाघरों में। टीजर जल्द ही आएगा।

ओह माय गॉड 2 का निर्देशन अमित राय कर रहे हैं। अश्विन वर्दे और अक्षय इसके निर्माता हैं। फिल्म में पंकज त्रिपाठी, अरुण गोविल और यामी गौतम जैसे कलाकार नजर आने वाले हैं। 11 अगस्त को ओह माय गॉड 2 का सामना सनी देओल की गदर 2 से होगा।

मानसून में इन स्वास्थ्यवर्धक मॉकटेल ड्रिंक्स का करें सेवन

मौसम का मिजाज बदल चुका है और मानसून ने दस्तक दे दी है। इस मौसम में शरीर में पानी की कमी होना आम है, लेकिन इसके कारण कई तरह की स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ता है। ऐसे में क्यूं न कुछ ऐसे खास मॉकटेल्स बनाए जाएं, जो स्वादिष्ट होने के साथ-साथ आपको हाइड्रेट रखने में भी मदद कर सकें।

मैंगो डिलाइट- सबसे पहले एक कप आम का गूदा, एक कप नारियल पानी, आधा कप नारियल क्रीम, 3 तुलसी के पत्ते, एक बड़ी चम्मच चीनी और थोड़ी-सी बर्फ को मिक्सी में डालकर अच्छे से पीस लें। अब इस मिश्रण को गिलास में भरे और इस पर आम के कुछ टुकड़े डालें। इसके बाद इस स्वादिष्ट मॉकटेल ड्रिंक को परोसें और खुद भी इसका जायका लें। मॉकटेल ड्रिंक के अलावा आप आम के इन 5 व्यंजनों को भी ट्राई कर सकते हैं।

कीवी, शहद, सोडा और नींबू के रस की मॉकटेल ड्रिंक - सबसे पहले एक जार में 2 चम्मच नींबू का रस, स्वादानुसार शहद और थोड़ा सोडा पानी मिलाकर नींबू पानी बना लें। अब इस नींबू पानी में 8-10 बारीक कटे कीवी के टुकड़े, 3-4 नींबू के गोल स्लाइस और 4-5 पुदीने की थोड़ी पत्तियां अच्छे से मिलाएं। इसे कम से कम एक से 2 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें। अब तैयार मॉकटेल में बर्फ के टुकड़े डालें और फिर इसका सेवन करें।

ब्लूबेरी लाइम मॉकटेल- सबसे पहले पानी में डेढ़ कप ताजा ब्लूबेरी, एक बड़ी चम्मच कद्दूकस किया हुआ अदरक और 4 बड़ी चम्मच चीनी डालकर एक उबाल दिलाए और एक चम्मच से ब्लूबेरी को मैश करें। इसके बाद मिश्रण को ठंडा होने दें, फिर इसे एक कंटेनर में छानकर इसमें नींबू का रस, बर्फ के टुकड़े और कुछ पुदीने की पत्तियां डालें। अब इसे गिलास में डालकर परोसें। घर पर ब्लूबेरी के इन 5 व्यंजनों को बनाना भी आसान है।

सेब मॉकटेल - इसके लिए सबसे पहले एक जार में 1-2 सेब के गोल टुकड़े, 3-4 नींबू के स्लाइस, थोड़ा दालचीनी पुडर और स्टार एनीज डालें। अब इसमें थोड़ा सेब का जूस, नींबू का रस और शहद डालकर अच्छी तरह मिलाएं और एक घंटे के लिए फ्रिज में रख दें। इसके बाद ड्रिंक को गिलास में कुछ बर्फ के टुकड़े डालें। इसके बाद इसमें थोड़ा क्लब सोडा समेत सेब के टुकड़ों डालकर इसे परोसें।

शब्द सामर्थ्य- 115

बाएं से दाएं

1. चौड़ी और सपाट जमीन, रणभूमि 3. स्वरग्राम, संगीत के सात स्वरों का समूह 6. धूल का कण, किसी वस्तु का सूक्ष्मकण, धूल 7. हिम्मत, सामर्थ्य 8. अभ्यर्थना, रिसेप्शन, यथा अवसर पर पूछे जाने वाला मंगल कुशल 9. आपस का करार, निबटारा 10. वरदान, दुल्हा 12. भोग, ऐश्वर्य 13. कीमत, मूल्य 14. एक वाद्ययंत्र जिसे सपेरे बजाते हैं 16. समता, बराबरी 18. अश्लील, बेहुदा, अभद्र, घटिया 19. युक्ति, उपाय, ढंग 20. रिक्त, अपूर्ण।

ऊपर से नीचे

1. दोस्ती, मित्रता 2. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 4. बचाव, हिफाजत 5. मीठापन, मधुर होने का भाव 7. समुद्र 8. आत्मनिर्भर, जो दूसरे पर आश्रित न हो 9. रसवाला, रसदार 11. मां का बच्चों के प्रति प्रेम 13. खैरात, देने की क्रिया 15. दृष्टि, निगाह 16. वरिष्ठ, बुजुर्ग, चतुर 17. पराजय, हार।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 114 का हल

ला	लू	प्र	सा	द	या	द	व	
प		ति			र	क्ष	क	
र	ह	मा	न					आ
वा			मि	थु	न		दा	स
ह	वा	ला	त		सी	ता		पा
	न				ब	क	वा	स
औ	र	त		म		त		
ला		बे	च	ना		व	च	न
द	ह	ला		ना	ग	र		दी

सू-दोकू- 115

	2			6			1	
3			4			2		
							6	
6					4			
	9		5			6		1
4		3			9			2
	8		2				7	
1		2		4		9		6

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.114 का हल

8	7	6	9	5	1	2	3	4
1	3	9	2	8	4	5	6	7
4	5	2	3	7	6	9	1	8
2	8	5	4	6	7	1	9	3
3	1	7	8	9	2	4	5	6
6	9	4	1	3	5	7	8	2
9	4	1	6	2	8	3	7	5
7	2	8	5	1	3	6	4	9
5	6	3	7	4	9	8	2	1